

हिन्दी साप्ताहिक

दर्पण की तरह निष्पक्ष खबरें

RNI.MPHIN /2020/79479

# भविष्य दर्पण

www.bhavishydarpannews.com

Email-bhavishydarpannews@gmail.com

वर्ष : 04 अंक: 29 (प्रति शुक्रवार को जारी) उज्जैन, शुक्रवार, दिनांक-22 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 2023 तक कुल पृष्ठः 8 कीमत : 2/- रुपया


# कोई भी योजना बंद नहीं होगी-सीएम डॉ.यादव

## विधानसभा में कहा- लाड़ली लक्ष्मी समेत सभी योजनाओं के लिए पर्याप्त धन राशि



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा में कहा कि कोई भी योजना बंद नहीं होगी। हमारे पास सभी योजनाओं के लिए पर्याप्त धन राशि है। डॉ. मोहन यादव सदन में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने टोकते हुए कहा- लाड़ली बहना योजना पर कानून बना दें। जिस पर सीएम ने कोई जवाब नहीं दिया।

सीएम ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। आपकी सरकार में कई तरह से राम मंदिर को लटकाए रखा। हमारी सरकार 22 जनवरी को राम भक्तों का स्वागत करेगी। सीएम ने कहा कि 2028 में सिंहस्थ का भव्य आयोजन होगा। इसकी तैयारियां शुरू हो गई है। डॉ. यादव ने ये भी कहा कि एमपी में जहां कृष्ण के पैर पड़े, उन जगहों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करेंगे।

**लाड़ली बहना योजना पर सदन में हंगामा**-इससे पहले चर्चा के दौरान लाड़ली बहना योजना को लेकर जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक रावत ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री से यह जवाब चाहता हूं कि लाड़ली बहना योजना चलेगी या नहीं। इस योजना के हितग्राहियों को महीने में दी जाने वाली राशि दी जाएगी या नहीं?

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार? ने कहा कि राज्यपाल के अभिभाषण में संसद सा लगा, दिल्ली यहीं ला दें। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के बाद विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। बता दें कि मध्यप्रदेश में 16वीं विधानसभा के गठन के बाद 4 दिन का विशेष सत्र बुलाया गया था। जिसमें सभी विधायकों को शपथ दिलाई गई। साथ ही स्पीकर का निर्वाचन भी हुआ। राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान डॉ. मोहन यादव ने अपना संबोधन दिया।

**डॉ. मोहन यादव बोले- संकल्प पत्र हमारे लिए गीता, रामायण है**- सीएम ने लाउड स्पीकर पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट का आदेश पूरी तरह लागू कराया जाएगा। डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मिल मजदूर के बेटे को मुख्यमंत्री बीजेपी ही बना सकती है। हम जनता के सेवक हैं। मेरी सरकार विधानसभा अध्यक्ष की छत्र छाया में विकास के काम करेगी। संकल्प पत्र हमारे लिए गीता, रामायण है।

**बीजेपी का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है: विजयवर्गीय**-भाजपा विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बीजेपी का संकल्प पत्र, संकल्प पत्र नहीं मोदी की गारंटी है। यह गारंटी हर हाल में पूरी होगी। पहले गड्ढे वाली सरकार थी और अंधेरे वाला प्रदेश था, और अब सरप्लस बिजली वाला स्टेट मध्यप्रदेश है। महाकाल लोक बनते ही इंदौर की इकोनॉमी बदल गई। उज्जैन के होटल तो भरते ही हैं, इंदौर में भी होटल फुल होती हैं। प्रतिदिन डेढ़ लाख लोग यहां पहुंचते हैं। इंदौर के मिल मजदूरों के भुगतान को लेकर मुख्यमंत्री यादव ने बड़ा फैसला लिया है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा स्थित अध्यक्ष कक्ष में मुलाकात की। रामनिवास रावत ने कहा कि विधानसभा की जानकारी नहीं मिलती है। सवाल लगाने पर जवाब दिया जाता है कि जानकारी एकत्र की जा रही है। इस पर रोक लगाई जानी चाहिए, जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए ताकि समय पर सवालों के जवाब आ सकें। प्रदेश में कर्ज बढ़ रहा है। 70 त्न लोग गरीबी झेल रहे हैं। आमदनी तो बढ़ी है लेकिन गरीब और गरीब हो रहा है। अमीर और अमीर हो रहा है। लाड़ली बहना पर सवाल करने पर सदन में हंगामा हो गया। प्रहलाद पटेल ने कहा कि कांग्रेस ने विरासत का अपमान किया है । विरासत के साथ विकास किए जाने की जरूरत है। विपक्ष लाड़ली बहना की बात करता है, हम लखपति बहना बनाएंगे। बाला बच्चन ने कहा कि संकल्प पत्र में एक करोड़ 31 लाख महिलाओं को 450 रुपए में सिलेंडर देने की बात कही गई है, लेकिन अब तक सिर्फ 22 लाख महिलाओं को 450 रुपए में सिलेंडर दिया जा रहा है। लाड़ली बहनों को आवास योजना का लाभ भी नहीं दिया जा रहा।

कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने कहा कि अगर राज्यपाल के अभिभाषण के समय आंख बंद कर लेते तो लगता कि संसद में बैठे हैं।

### दुनिया के 40 देशों में फैला कोरोना का जेएन.1 वैरिएंट

# भारत में 21 केस, डब्ल्यूएचओ ने कहा- इससे खतरा नहीं, पर भीड़ में मास्क पहनें




**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ-19 के नए वैरिएंट को लेकर अलर्ट जारी किया है। जम्मू में अस्पतालों को जरूरी दवाओं के साथ पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया गया है। कोरोना का नया सब-वैरिएंट JN.1 दुनिया के 40 देशों में फैल चुका है। भारत में अब तक इसके 21 केस आ चुके हैं। इनमें गोवा में 19 और केरल-महाराष्ट्र में 1-1 मामला आया है। नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल ने बुधवार को बताया कि पिछले दो हफ्ते के दौरान भारत में कोरोना से 16 लोगों की मौत हुई है। हालांकि, इनमें अधिकतर लोग डायबिटीज और हार्ट प्रॉब्लम जैसी दूसरी बीमारियों से भी जूझ रहे थे। केंद्र के मुताबिक, देशभर में कोरोना के करीब 2669 एक्टिव मामले हैं। इनमें 91- 92त्न लोग घरों में ही इलाज करवा रहे हैं। नए वैरिएंट वाले मरीजों में वायरस के लक्षण काफी हल्के हैं। हालांकि, घबराने वाली कोई बात नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने JN.1 को 'वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट' में शामिल किया है। ङ्ग॥ह्र ने बताया कि अभी तक का विश्लेषण कहता है कि मौजूदा वैक्सीन छ्वह्.1 वैरिएंट पर पूरी तरह से कारगर है। इससे लोगों को ज्यादा खतरा नहीं है। हालांकि, WHO ने सावधानी के तौर पर एडवाइजरी जारी की है। इसमें लोगों को भीड़ वाले, बंद या दूषित हवा वाले इलाकों में मास्क पहनने की सलाह दी गई है।

# इंदौर के बंबई बाजार में अवैध कब्जे हटाए

## रिमूवल गैंग सहित पुलिस फोर्स मौके पर मौजूद रहें

**इंदौर।** इंदौर में नगर निगम की अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई लगातार जारी है। गुरुवार दोपहर को निगम की टीम बंबई बाजार पहुंची तो हड़कंप मच गया। नगर निगम के रिमूवल अमले के साथ पुलिस और भारी संख्या में फोर्स भी है। टीम जैसे ही बाजार में धावा बोला तो मौजूद लोग कार्रवाई विरोध करने लगे। टीम के साथ स्थानीय लोगों की बहस भी हुई। इलाके में लोगों की भारी भीड़ जमा है।



इस कार्रवाई से पहले महापौर पुष्यमित्र भार्गव और राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने रिमूवल दल को नगर निगम बुलाया था। यहां आवश्यक दिशा निर्देश देकर बंबई बाजार के लिए रवाना किया था।

बंबई बाजार में हुई कार्रवाई को लेकर महापौर का कहना है कि शहर के ऐसे बाजार जहां लोग सुगमता से पहुंच सकें वहां के लोगों को अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी जा रही है। समझाइश के बाद भी जो लोग सड़क और फुटपाथ से अतिक्रमण नहीं हटा रहे हैं उसे निगम की टीम द्वारा मुक्त कराया जा रहा है। इंदौर नगर निगम द्वारा शहर में यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# शिवराज से लिपटकर रोईं लाड़ली बहनें और भांजियां

### वी वॉन्ट मामा जी के नारे लगाए

**जबलपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार से दो दिन तक



अमरकंटक यात्रा पर हैं। वे बुधवार दोपहर बरगी पहुंचे। यहां रात रुके। यहां पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। वे लोगों से भी मिले। यहां लाड़ली बहनें और भांजियां उनसे लिपटकर रोने लगीं। उन्होंने वी वॉन्ट मामा जी (हमें मामा जी चाहिए) के नारे लगाए। ये देख पूर्व ष्टरूकी आंखों में भी आंसू आ गए। शिवराज ने कहा कि मामा हमेशा भांजे-भांजियों के साथ है। आई लव यू ...। शिवराज ने लोगों से कहा, मैं तो आपका भाई और मामा हूं। हमेशा आपके साथ हूं। अपनी बहनों के साथ हूं।

# बिना अनुमति के सांता बनाने पर स्कूलों पर होगी कार्रवाई

## वेशभूषा पहनाने पर भी रोक, शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किया, पालकों की अनुमति जरूरी

**उज्जैन।** ईसाई समाज के स्कूलों के साथ ही अन्य स्कूलों में क्रिसमस पर्व को लेकर तैयारी चल रही है। इधर जिला शिक्षा विभाग ने आदेश जारी कर सभी निजी स्कूल संचालकों को कहा है कि स्कूलों में क्रिसमस पर्व के दौरान बच्चों को सांता क्लाज बनाता है तो पालकों की अनुमति लेना जरूरी है। यदि अनुमति के बिना बच्चों को सांता क्लाज या अन्य वेशभूषा पहनाई जाती है तो स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

25 दिसंबर को मनाए जाने वाले क्रिसमस पर्व को लेकर शासन ने आदेश जारी कर दिए है। आदेश में कहा गया है कि कोई भी निजी विद्यालय बिना अनुमति के बच्चों को सांता क्लॉज नहीं बनाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी




आनंद शर्मा ने क्रिसमस के पहले निजी स्कूलों को निर्देश जारी किए है। शहरी क्षेत्र के बीआरसी संजय शर्मा ने बताया कि शिक्षा विभाग से जारी आदेश में कहा गया है कि क्रिसमस पर स्कूलों में बच्चों को सांता क्लॉज की वेशभूषा पहनाने के पहले बच्चों के माता-पिता से अनुमति लेना होगी। यदि माता-पिता की बिना अनुमति के सांता क्लॉज या अन्य वेशभूषा पहनाई जाती है तो स्कूल प्रबंधन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग से जारी हुआ यह पत्र जिले के सभी निजी स्कूलों के लिए जारी किया गया है।

**विवाद की स्थिति नही बने इसलिए जारी किए निर्देश**-बीआरसी शर्मा ने बताया कि इस तरह के आदेश इसलिए जारी किए गए है कि पर्व के दौरान कोई विवाद की स्थिति नही बने। निजी विद्यालयों में त्यौहार, पर्व पर विशेष की वेशभूषा पहना कर प्रदर्शन किया जाता है। इसके कारण कई बार विवाद की स्थिति बन जाती है। इस बार क्रिसमस के पहले ही जिले के सभी निजी स्कूलों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

## सम्पादकीय

# सांसदों का निलंबन कितना जायज

नया संसद भवन और नया, अभूतपूर्व आदेशज्एक ही दिन में, एक साथ, लोकसभा और राज्यसभा के 78 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। लोकसभा के 33 और राज्यसभा के 45 विपक्षी सांसदों को यह सजा स्पीकर और सभापति ने दी है। इससे पहले 14 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया था। मंगलवार को लोकसभा के 49 और विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इनमें हिमाचल के मंडी की सांसद प्रतिभा सिंह भी शामिल हैं। इस तरह शीतकालीन सत्र में ही कुल 141 विपक्षी सांसदों को बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। ये अत्यंत क्रूर और एकाधिकारवादी फैसले हैं। स्पीकर और सभापति के अपने विशेषाधिकार होते हैं। हम संसदीय कार्यवाही के निरंतर साक्षी रहे हैं। सदन में हंगामा, नारेबाजी, पोस्टरबाजी और अध्यक्ष के आसन तक पहुंच कर विरोध-प्रदर्शन कब नहीं किए गए? हमें तो ये संसदीय लोकतंत्र के हिस्से लगते हैं। जब भाजपा विपक्ष में थी, तो कई कथित घोटालों पर कई-कई दिन तक, संसद की कार्यवाही चलने नहीं दी जाती थी। हंगामे इतने उग्र और बुलंद होते थे कि हमें लिखना पड़ता था-संसद को अखाड़ा न बनाएं। यह संसद है या कोई मंडीज! संसद का औचित्य ही क्या है? लेकिन फिर भी ऐसे आदेश कभी नहीं दिए गए कि सांसदों को पूरे सत्र के लिए ही निलंबित कर दिया गया हो! वर्ष 1989 में राजीव गांधी की सरकार थी। तब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या से जुड़ी ठक्कर आयोग की रपट पर विपक्ष ने हंगामा मचाया था, तो 63 सांसद निलंबित किए गए थे। वह पराकाष्ठा थी। उसके बाद 2004- मई, 2014 के दौरान कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के 10 सालों में भी 50 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया, लेकिन 2014-23 के कालखंड में मोदी सरकार के दौरान अभी तक 201 विपक्षी सांसदों का निलंबन किया जा चुका है। लोकसभा के 3 और राज्यसभा के 11 सांसदों का मामला विशेषाधिकार समिति को सौंपा गया है। उसकी रपट तीन माह में आ सकती है, लिहाजा विपक्षी सांसद तब तक निलंबित रहेंगे। शीतकालीन सत्र ही मौजूदा लोकसभा का अंतिम सत्र है। उसके बाद तो फरवरी में लेखानुदान पेश किया जाएगा और पूर्ण बजट जुलाई में प्रस्तुत हो सकेगा। बेशक विपक्ष ने अमर्यादित आचरण किए हैं। हंगामा ही नहीं, आक्रोश और गुस्से में नियमों की किताब तक फाड़ी है। आसन के माइक उखाड़ने तक की हरकतें की गई हैं। सदन में तख्तियां लहराना तो आम बात है। मेजों पर चढक़र सांसदों ने नृत्य तक किए हैं। यहां तक कि राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े ने सभापति जगदीप धनखड़ का निर्देश तक मानने से इंकार कर दिया। लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता, एक किस्म के नेता विपक्ष, अधीर रंजन चौधरी तक को निलंबित कर दिया गया है। दरअसल हम न्यायाधीश नहीं हैं, लेकिन संसद और लोकतंत्र के सजग प्रहरी जरूर हैं। विपक्ष की प्रभावी मौजूदगी के बिना संसद 'विकलांग' लगती है। जनादेश सभी चुने हुए सांसदों ने हासिल किए थे। निलंबन प्रतीकात्मक भी हो सकते हैं। हंगामी सांसदों को कुछ देर के लिए सदन से बाहर किया जा सकता था। जब सत्र ही समाप्ति की ओर है, तो अकेला सत्ता-पक्ष क्या करेगा? ध्वनि-मत से बिल पारित कराता रहेगा? तो फिर विपक्ष-मुक्त संसद की जरूरत ही क्या है? यह हम भी मानते हैं कि संसद में घुसपैठ मामले पर प्रधानमंत्री मोदी या गृहमंत्री अमित शाह को तब तक सदन में बयान नहीं देना चाहिए, जब तक जांच के ठोस निष्कर्ष और सूचनाएं उन्हें मिल न जाएं। फिर भी विपक्ष को समझाया जा सकता था। निलंबन की कार्रवाई उचित नहीं है।


शुभम परमार

# भारत में वनवासी मूल रूप में प्रभु श्रीराम की प्रतिमूर्ति ही नजर आते हैं

भारतीय संस्कृति पर पूर्व में भी इस प्रकार के हमले किए जाते रहे हैं। भारत में समाज को आपस में बांटने के कुत्सित प्रयास कोई नया नहीं हैं। एक बार तो रामायण एवं महाभारत आदि एतिहासिक ग्रंथों को भी अप्रामाणिक बनाने के कुत्सित प्रयास हो चुके हैं। यह एक एतिहासिक तथ्य है कि प्रभु श्री राम ने लंका पर चढ़ाई करने के उद्देश्य से अपनी सेना वनवासियों एवं वानरों की सहायता से ही बनाई थी। केवट, छबरी, आदि के उद्धार सम्बंधी कहानियां तो हम सब जानते हैं। परंतु, जब वे 14 वर्षों के वनवास पर थे तो इतने लम्बे अर्से तक वनवास करते करते वे स्वयं भी एक तरह से वनवासी बन गए थे। इन 14 वर्षों के दौरान, वनवासियों ने ही प्रभु श्री राम की सेवा सुश्रुशा की थी एवं प्रभु श्री राम भी इनके स्नेह, प्रेम एवं श्रद्धा से बहुत अभिभूत थे। इसी तरह की कई कहानियां इतिहास के गर्भ में छिपी हैं। यह भी एक कटु सत्य है एवं इतिहास इसका गवाह है कि हमारे ऋषि मुनि भी वनवासियों के बीच रहकर ही तपस्या करते रहे हैं। अतः भारत में ऋषि, मुनि, अवतार पुरुष, आदि वनवासियों, जनजातीय समाज के अधिक निकट रहते आए हैं। इस प्रकार, हमारी परम्पराएं, मान्यताएं एवं सोच एक ही है। जनजातीय समाज भी भारत का अभिन्न एवं अति महत्वपूर्ण अंग है।  आज भी भारत में वनवासी मूल रूप में प्रभु श्री राम की प्रतिमूर्ति ही नजर आते हैं। दिल से एकदम सच्चे, धीर गम्भीर, भोले भाले होते हैं। यह प्रभु श्री राम की उन पर कृपा ही है कि वे आज भी सतयुग में कही गई बातों का पालन करते हैं। परंतु, कई बार ईसाई मशीनरियों एवं कुछ विकृत मानसिकता वाले लोगों द्वारा वनवासियों को उनके मूल स्वभाव से भटकाकर लोभी, लालची एवं रावण का वंशज बताया जाता है। रावण स्वयं तो वनवासी कभी रहे ही नहीं थे एवं वे श्रीलंका के एक बुद्धिमान राजा थे। इस बात का वर्णन जैन रामायण में भी मिलता है। अब प्रशन्न यह उठता है कि जब रावण स्वयं एक ब्राह्मण था तो वह वंचित वर्ग का मसीहा या पूर्वज कैसे हो सकता है? जैन रामायण की तरह गोंडी रामायण भी रावण को पुलत्स वंशी ब्राह्मण मानती है, न कि आदिवासियों का पूर्वज, कुछ गोंड पुजारी रावण को अपना गुरु भाई भी मानते हैं, चूंकि पुलत्स ऋषि ने उनके पूर्वजों को भी दीक्षा दी थी। इस तरह के तथ्य भी इतिहास में मिलते हैं कि रावण अपने समय का एक बहुत बड़ा शिव भक्त एवं प्रकांड विद्वान था। रावण जब मृत्यु शैया पर लेटा था तब प्रभु श्री राम ने अपने छोटे भाई लक्ष्मण से कहा था कि रावण अब मृत्यु के निकट है एवं प्रकांड विद्वान है अतः उनसे उनके इस अंतिम समय में कुछ शिक्षा ले लो। तब लक्ष्मण रावण के सिर की तरफ खड़े होकर शिक्षा लेने पहुंचे थे तो लक्ष्मण को कहा गया था कि शिक्षा लेना है तो रावण के पैरों की तरफ आना होगा। तब लक्ष्मण, रावण के पैरों के पास आकर खड़े हुए तब जाकर रावण ने लक्ष्मण को अपने अंतिम समय में शिक्षा प्रदान की थी। अतः रावण अपने समय का एक प्रकांड पंडित था।



भारतीय संस्कृति पर पूर्व में भी इस प्रकार के हमले किए जाते रहे हैं। भारत में समाज को आपस में बांटने के कुत्सित प्रयास कोई नया नहीं हैं। एक बार तो रामायण एवं महाभारत आदि एतिहासिक ग्रंथों को भी अप्रामाणिक बनाने के कुत्सित प्रयास हो चुके हैं। वर्ष 2007 में तो केंद्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय के मातहत भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण ने एक हलफनामा (शपथ पत्र) दायर किया था, जिसमें कहा गया था कि वाल्मीकीय रामायण और गोस्वामी तुलसीदासजी कृत श्रीरामचरितमानस प्राचीन भारतीय साहित्य के महत्त्वपूर्ण हिस्से हैं, लेकिन इनके पात्रों को एतिहासिक रूप से रिकार्ड नहीं माना जा सकता है, जो कि निर्विवाद रूप से इनके पात्रों का अस्तित्व सिद्ध करता हो या फिर घटनाओं का होना सिद्ध करता हो। ये बातें कितनी दुर्भाग्यपूर्ण हैं। यह कहना कि प्रभु श्री राम और रामायण के पात्र (राम, भरत, लक्ष्मण, हनुमान, विभीषण, सुग्रीव और रावण, आदि) एतिहासिक रूप से प्रामाणिक सिद्ध नहीं होते, एक प्रकार से भारतीय संस्कृति पर कुठाराघात ही था। हालांकि भारतीय जनमानस के आंदोलित होने पर उस समय की भारत सरकार को अपनी गलती का एहसास हुआ था और उसने अपने शपथ पत्र (हलफनामे) को न्यायालय से वापस मांग लिया था।

विभिन्न देशों में वहां की स्थानीय भाषाओं में पाए जाने वाले ग्रंथों एवं विदेशों तक में किए गए कई शोध पत्रों के माध्यम से भी यह सिद्ध होता है कि प्रभु श्री राम 14 वर्ष तक वनवासी बनकर ही वनों में निवास किए थे। अतः यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि प्रभु श्रीराम भी अपने वनवास के दौरान वनवासियों के बीच रहते हुए एक तरह से वनवासी ही बन गए थे। साथ ही, वनों में निवासरत समुदायों ने सहज ही उन्हें अपने से जुड़ा माना और प्रभु श्री राम उनके लिए देव तुल्य होकर उनमें एक तरह से रच बस गए थे। कई वनवासी एवं जनजाति समाजों ने तो अपनी रामायण ही रच डाली है। जिस प्रकार, गोंडी रामायण, जो रामायण को अपने दृष्टिकोण से देखती है, हजारों सालों से गोंडी व पंडवानी वनों में रहने वाले जनजाति समाजों की सांस्कृतिक धरोहर का हिस्सा रही है। गुजरात के आदिवासियों में ÷डांगी रामायण÷ तथा वहां के भीलों में ÷भलोडी रामायण÷ का प्रचलन है। साथ ही, हृदय स्पर्शी लोक गीतों पर आधारित लोक रामायण भी गुजरात में राम कथा की पावन परम्परा को दर्शाती है।

इसके साथ ही, विदेशों में भी वहां की भाषाओं में लिखी गई रामायण बहुत प्रसिद्ध है। आज प्रभु श्री राम की कथा भारतीय सीमाओं को लांघकर विश्व पटल पर पहुंच गई है और निरंतर वहां अपनी उपयोगिता, महत्ता और गरिमा की दस्तक देती आ रही है। आज यह कथा विश्व की विभिन्न भाषाओं में स्थान, विचार, काल, परिस्थिति आदि में अंतर होने के बावजूद भी अनेक रूपों में, विधाओं में और प्रकारों में लिखी हुई मिलती है। यथा, थाईलैंड में प्रचलित रामायण का नाम ÷रामकिचेन÷ है। जिसका अर्थ है राम की कीर्ति। कम्बोडिया की रामायण ÷रामकेर÷ नाम से प्रसिद्ध है। लाओस में ÷फालक फालाम÷ और ÷फोमचक्र÷ नाम से दो रामायण प्रचलित हैं। मलेशिया यद्यपि मुस्लिम राष्ट्र है, परंतु वहां भी ÷हिकायत सिरीरामा÷ नामक रामायण प्रचलित है, जिसका तात्पर्य है श्री राम की कथा। इंडोनेशिया की रामायण का नाम ÷ककविन रामायण÷ है, जिसके रचनाकार महाकवि ककविन हैं। नेपाल में ÷भानुभक्त रामायण÷ और फिलीपीन में ÷महरादिया लावना÷ नामक रामायण प्रचलित है। इतना ही नहीं, प्रभु श्री राम को मिस्र (संयुक्त अरब गणराज्य) जैसे मुस्लिम राष्ट्र और रूस जैसे कम्युनिस्ट राष्ट्र में भी लोकनायक के रूप में स्वीकार किया गया है। इन सभी रामायण में भी प्रभु श्री राम के वनवास में बिताए गए 14 वर्षों के वनवास का विस्तार से वर्णन किया गया है।

# संसद में फैलाये गये धुएं पर हो रही राजनीति से साजिश की दुर्गंध आ रही है

विपक्ष का रवैया आरोपियों के हौसले बढ़ाने वाला है, वे आरोपियों पर नरम और सरकार पर गर्म हो रहे हैं। हालांकि यह भी सर्वथा सत्य है कि देश की संसद पर इस प्रकार का कृत्य सरकार द्वारा प्रायोजित सुरक्षा पर भी अनेक प्रकार के सवाल स्थापित करता है। लोकतंत्र में सरकार की कार्यप्रणाली से सहमत या असहमत होना एक जायज प्रक्रिया का हिस्सा माना जाता है। रचनात्मक विरोध होना लोकतंत्र को और भी अधिक मजबूत बनाने का कार्य करता है। लेकिन अभी हाल ही में लोकसभा के अंदर जिस प्रकार से कुछ लोगों ने विरोध किया, उसे लेकर कई प्रकार के सवाल भी उठ रहे हैं। तथ्यात्मक बात यह है कि विपक्षी राजनीतिक दलों ने आरोपियों पर कार्यवाही के बजाय सरकार को निशाने पर लिया है। हालांकि यह सच भी है कि सुरक्षा की जिम्मेदारी सरकार की होती है। इसलिए सरकार की ओर से इस मामले जिम्मेदारी वाला व्यवहार किया जाना चाहिए, लेकिन विपक्ष का रवैया भी देश हित का होना चाहिए। क्योंकि नाकामी को लेकर राजनीति करना देश घातक होती है। देश के प्रति जिम्मेदारी सभी की है। यहां सुरक्षा में चूक तो है ही, पर आरोपियों का व्यवहार और तरीका भी पूरी तरह से अनुचित ही था। वर्तमान में देश की सभी समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराने के लिए केंद्र सरकार को निशाने पर लेना एक आम बात होती जा रही है। इसके लिए राष्ट्रीय एकता और संप्रभुता की मर्यादाओं को भी लांघने का कृत्य भी ज्यादा कदा दिखाई देता है। यह बात सही है कि विविधता वाले भारत देश में कोई एक बात सबको सही लगे, यह हो ही नहीं सकता, लेकिन लोकतंत्र यही कहता है कि उस बात को चाहने वाले अधिक हैं तो बड़ी खुशी के लिए छोटे दुख को तिरोहित कर देना चाहिए। व्यक्तिगत स्वार्थ व्यक्ति को अधिकांशतः गलत मार्ग पर ही ले जाने के लिए प्रेरित करता है। व्यक्तिगत स्वार्थ के वशीभूत होकर उठाया गया कदम कुछ हद तक सांत्वना दी सकता है, लेकिन जिससे अधिकांश समाज को लाभ मिलता है, वह आने वाले समय में हमारे लिए भी सकारात्मक प्रमाणित होता है। विपक्ष का रवैया आरोपियों के हौसले बढ़ाने वाला है, वे आरोपियों पर नरम और सरकार पर गर्म हो रहे हैं। हालांकि यह भी सर्वथा सत्य है कि देश की संसद पर इस प्रकार का कृत्य सरकार द्वारा प्रायोजित सुरक्षा पर भी अनेक प्रकार के सवाल स्थापित करता है। विपक्ष की ओर से उठाए जाने वाले सवाल जायज हैं, लेकिन सुरक्षा के मुद्दे को राजनीतिक रूप से उठाना अत्यंत गंभीर है। विपक्षी दल के सांसद भी देश की संसद का हिस्सा हैं, इसलिए उनकी भी भारत की संवैधानिक संस्थाओं के प्रति जिम्मेदारी कम नहीं होती। सरकार के हर कदम की आलोचना करना मात्र ही राजनीति नहीं होती। राजनीति में देश भाव दिखना चाहिए। आज देश का राजनीतिक वातावरण एक प्रकार से प्रदूषित जैसा दिखाई देता है। देश में इस राजनीतिक प्रदूषण के लिए हर राजनीतिक दल जिम्मेदार है। क्योंकि आज के राजनीतिक दल एक दूसरे को नीचा दिखाने और स्वयं को स्थापित करने की राजनीति करते दिखाई देते हैं। वास्तविकता यह है कि इस प्रकार की राजनीति किसी भी प्रकार से देश हितैषी नहीं कही जा सकती, लेकिन सवाल यह भी है की संसद की मजबूत सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए कुछ लोग असंसदीय हरकत कर देते हैं। यह घटना सरकार के सुरक्षा इंतजामों पर गहरे सवाल अंकित करती है। अगर विपक्षी दल सरकार के गृह मंत्री पर सवाल उठाते हैं तो इसमें गलत क्या है। गृह मंत्री को जवाब देना ही चाहिए। क्योंकि गृहमंत्री जवाब नहीं देंगे तो कौन देगा? यहां पर सवाल यह भी आता है कि अगर गृह मंत्री जवाब देने के लिए आते हैं तो क्या विपक्ष उनको सुनने को तैयार होगा? यह सवाल इसलिए भी उठ रहा है कि कई बार विपक्षी दल चर्चा से भागे हैं। हालांकि सुरक्षा बलों ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार होने वाले आरोपियों से पूछताछ हो रही है। इस घटना को चाहे कुछ भी रूप दिया जाए, लेकिन इतना अवश्य कहा जा सकता है कि यह सभी मोदी सरकार के विरोधी हैं। विपक्षी दल इन आरोपियों के बारे में यह वकालत करते दिखते हैं कि वह बेरोजगारी के कारण मोदी सरकार से दुखी थे, और वे सरकार के विरोध में आक्रोश व्यक्त कर रहे थे।

# सेवाधाम का कार्य अतुलनीय-साध्वी भगवती सरस्वती

## परमार्थ निकेतन ऋषिकेश की साध्वी भगवती सरस्वती सेवाधाम पहुंची







**उज्जैन ( भविष्य दर्पण न्यूज नेटवर्क )।** 'अंकित ग्राम' सेवाधाम आश्रम में परमार्थ निकेतन ऋषिकेश की साध्वी भगवती सरस्वती एवं अध्यक्ष डिवाईन शक्ति फाउण्डेशन, ऋषिकेश ने आश्रम के विशेष बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों को आर्शीवाद प्रदान किया। सर्वप्रथम सर्वप्रथम अंकितग्राम, सेवाधाम आश्रम के संस्थापक सुधीर भाई गोयल, श्रीमती कांता भाभी, मोनिका दीदी, गोरी दीदी सहित आश्रम के विशेष बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों ने मुख्य द्वार पर सद्गुरू बैण्ड के माध्यम से भव्य स्वागत किया, इसके पश्चात सद्गुरू स्वाध्याय मंदिर में आश्रम के परोक्ष आशीषदाता सद्गुरू रणछोड़दासजी महाराज के चित्र समक्ष विकास दीप प्रज्वलित किया। सुधीर भाई द्वारा माता को आश्रम के विविध प्रकल्पों की जानकारी प्रदत्त करते हुए आश्रम के सत्यमित्र आडिटोरियम एवं अवेदना केन्द्र का अवलोकन कराया। भगवती सरस्वती द्वारा नारी शक्ति के लिए किए जा रहे कार्यों को देखते हुए 'सेवाधाम योगिनी नारी शक्ति सम्मान' से सम्मानित किया। भगवती सरस्वतीजी ने समस्त दिव्यांगजनों को आशीष प्रदान करते हुए कहा कि सेवाधाम का विकास अपने उत्कर्ष की ओर है, मैं अल्प समय के लिए यहां सुधीर भाई के निवेदन पर आई, मैंने नवजात शिशुओं से लेकर 100 वर्ष तक के बुजुर्गों को देखा, मैं पुनः सेवाधाम आश्रम आउंगी यहां अधिक समय प्रदान करूंगी। सुधीर भाई जो मानवता का कार्य कर रहे है वह अतुलनीय है। इस अवसर लोकेश शर्मा, दिल्ली विशेष रूप से उपस्थित रहे।



# मास मटन की दुकानों पर कार्यवाही जारी

**उज्जैन ।** नगर निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह के निर्देश अनुसार मंगलवार को उपायुक्त श्री संजय गुप्ता द्वारा वार्ड क्रमांक 16, 19 एवं केडी गेट चौराहा पर मांस, मटन की दुकानों से सामग्री जप्त करते हुए ताले लगाने की कार्यवाही की गई साथ ही दुकानों के बोर्ड भी हटाए गए। इसी प्रकार झोन क्र 01, वार्ड 08, ग्यास के बाड़े में कार्यवाही के दौरान विवाद के बीच अकील मटन वाले की दुकान पर ताला लगवाया गया। उक्त कार्यवाही स्वास्थ्य अधिकारी श्री संजय कुलश्रेष्ठ, श्री मोहित मिश्रा, स्वास्थ्य निरीक्षक एवं नगर निगम गैंग द्वारा की गई।

# संकल्प यात्रा अन्तर्गत आयोजित शिविरों मे लाभांवित हो रहे हैं नागरिक

## महापौर एवं निगम आयुक्त ने किया शिविर का अवलोकन

**उज्जैन ।** शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं से आमजन को अवगत कराने के उद्देश्य से प्रत्येक वार्ड में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा कर शिविर आयोजित किये जा रहे है। मंगलवार को प्रातः राजेश्वरी समुदायिक भवन एवं सायं अम्बापुरा सामुदायिक भवन देसाई नगर मे शिविर आयोजित किया गया। महापौर श्री मुकेश टटवाल एवं निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह ने शिविर का अवलोकन किया।

महापौर श्री मुकेश टटवाल ने वार्ड क्रमांक 38, 39, 43 अन्तर्गत अम्बापुरा सामुदायिक भवन देसाई नगर मे आयोजित शिविर का अवलोकन किया गया एवं यहां उपस्थित नागरिकों से शासन की लोक



कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में चर्चा की गई।

वार्ड 17, 18 अन्तर्गत राजेश्वरी समुदायिक भवन में आयोजित शिविर में पूर्व विधायक श्री पारसचन्द्र जैन एवं पार्षद श्रीमती राखि कड़ेल भी सम्मिलित हुईं। निगम आयुक्त श्री रौशन कुमार सिंह द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया एवं यहां उपस्थित अधिकारीयों को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी स्पष्ट रूप से दी जाए, उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा अन्तर्गत आयोजित शिविर में शासन की योजनाओं में प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, स्वास्थ्य शिविर, उज्वला योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के साथ ही अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी से नागरिको को अवगत कराया जा रहा है। शिविर में नागरिक पहुंचकर शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित हो रहे है।

इस दौरान एमआईसी सदस्य श्री शिवेन्द्र तिवारी, श्री अनिल गुप्ता, श्री जितेन्द्र कुवाल, झोन अध्यक्ष श्री पुरूषोत्तम मालवीय, अपर आयुक्त श्री आदित्य नागर, सहायक आयुक्त श्री प्रदीप सेन, कार्यपालन यंत्री श्री जगदीश मालवीय, झोनल अधिकारी श्री जितेन्द्र श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# इन्दौर प्राधिकारी की अनदेखी से प्रदूषित हो रही क्षिप्राः महापौर

## महापौर मुकेश टटवाल ने कहा नवीन ट्रीटमेंट प्लांट से समाधान होगा



**उज्जैन ।** इन्दौर की ओर से आने वाली कान्ह के प्रदूषित पानी का व्यवस्थित ट्रीटमेंट यदि इन्दौर से सम्बंधित जल प्राधिकारी द्वारा उचित स्थान पर कर दिया जाए तो जल प्रदूषण की समस्या समाप्त हो सकती है। अब हम इस पर कार्यवाही करेंगे।

यह बात महापौर मुकेश टटवाल ने कही है। क्षिप्रा शुद्धीकरण सुनिश्चित किये जाने की चिंता लिये महापौर ने जल प्रभारी श्री प्रकाश शर्मा के साथ कान्ह नदी के विभिन्न क्षैत्रों राघो पीपलिया, त्रिवेणी क्षेत्र इत्यादि का निरीक्षण करते हुए जलप्रदूषण की वास्तविकता और इसके समाधान जानने के प्रयास किये।

कान्ह डायवर्सन योजना का राघो पिपलिया डेम पर निरीक्षण करते हुए पाया गया की इंदौर से आने वाला दूषित जल अपनी पूरी क्षमता से पूर्व में सिहस्थ में डाली गई पाइपलाइन से नहीं जा रहा है जिसके कारण डेम ओवरफ्लो होकर एवं उसके गेट लीकेज होने के कारण खान का दूषित एवं केमिकल युक्त जल लगातार त्रिवेणी बेरेज की तरफ बढ़ रहा है। जिसके कारण क्षिप्रा नदी का पूरा पानी प्रदूषित हो गया है। महापौर ने उपस्थित अधिकारियों को कान्ह नदी एवं क्षिप्रा नदी के पानी के सैंपल लेने के लिए निर्देशित किया तथा शनि मंदिर त्रिवेणी के पीछे की तरफ एसटीपी प्लांट लगाने के लिए कार्य योजना बनाने के साथ ही कान्ह नदी का पानी रोकने के लिए जल संसाधन विभाग को पत्र लिखने के लिए भी निर्देशित किया।

महापौर ने निर्देशित किया कि जो कार्य इन्दौर जल प्राधिकारी द्वारा नहीं किया जा रहा है उस पर अब हम गंभीरता के साथ ध्यान दें और राघो पिपलिया, त्रिवेणी क्षैत्रों में उपयुक्त स्थल पर स्टापडेम और ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किए जाने की कार्यवाही करें। आपने सम्बंधित अधिकारियों को तत्काल इस बाबत प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

महापौर मुकेश टटवाल ने कहा कि हमने मुख्यमंत्री जी से इस बाबत चर्चा की है, शीघ्र ही व्यवस्थित प्रस्ताव प्रेषित कर उनसे सहयोग चाहा जा कर समस्या का समाधान करेंगे।

महापौर मुकेश टटवाल ने निर्देशित किया कि क्षिप्रा पर जो बैराज है उनके संधारण की पर्याप्त व्यवस्था नही होने से बहुत कठिनाईयां होती हैं, इसलिये इन बैराज को क्षिप्रा शुद्धीकरण अन्तर्गत सम्मिलित किया जा कर व्यवस्थित संधारण सुनिश्चित किये जाने का प्रस्ताव भी तैयार किया जाए। महापौर मुकेश टटवाल ने जल प्रभारी श्री प्रकाश शर्मा से कहा कि इस पूरे प्रकरण पर पीएचई अधिकारियों के साथ बैठ कर प्रस्ताव तैयार करवाएं। आपने सम्बंधित अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि क्षिप्रा शुद्धीकरण एक महत्वपूर्ण विषय है, इस पर गंभीर होने की आवश्यकता है।



# 16 से 26 जनवरी तक आयोजित हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा, जगह-जगह जा रही यात्रा

## विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित, अनिल मंडावरा को जिले का संयोजक बनाया







**आगर मालवा ( दुर्गाशंकर टेलर )** । केंद्र सरकार के निर्देशानुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन मध्य प्रदेश में 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक चल रही। यात्रा जिलें के हर पंचायत में आयोजित हो रही है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उज्जैन से? इस संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया था। यात्रा में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं अधिक से अधिक पात्र लोगों को योजनाओं में जोड़ने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने इस योजना को प्रभावी बनाने के लिये संगठन स्तर से भी सक्रिय हो गए है। आगर जिला के गांव आमला में जिलाध्यक्ष चिंतामन राठौर के नेतृत्व में किया गया।इस संकल्प यात्रा को सफल करने के लिए आगर विधानसभा क्षेत्र की बैठक जिला कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक के पुर्व पंडित दीनदयाल, श्यामा प्रसाद, मां भारता माता के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष चितामण राठौर, गोविंद सिंह बरखेडी, भेरुसिंह चौहान, जिला महामंत्री ओम मालवीय, कैलाश परिहार, सतीश शास्त्री, कैलाश गवली, बाबुलाल बीजापारी, मदनसिंह केसरिया, संतोष गोयल, सुरेश बैरागी,जिला पंचायत सदस्य सुरेश व्यास, डॉ मोहनलाल मकवाना, मुकेश केलकर, जितेन्द्र सिंह वंदना शर्मा,भारतीय जनता पार्टी ने अपनी समिति का गठन कर दिया है। जिला उपाध्यक्ष अनिल मंडावरा को विकसित भारत संकल्प यात्रा का संयोजक बनाया गया है। यात्रा के सफल संचालन के लिये विधानसभा टोली का भी गठन किया गया है। यात्रा में अपने अपने क्षैत्र में आ रही है। उनमें भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं शामिल होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी से जनता को भी अवगत करवाया जाए। इसके बाद 25 दिसंबर को सुशासन दिवस, 26 दिसंबर वीर बाल दिवस, 31 दिसंबर को मन की बात कै लेकर चर्चा की गई। बैठक का संचालन महामंत्री कैलाश कुंभकार ने किया।इसके बाद गत दिनों भाजपा जिला मंत्री रखब जैन का निधन होने पर दो मिनिट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा तनोडिया ने दी।

# आंध्रप्रदेश में ट्रेन की चपेट में आने से आगर-मालवा के युवक की मौत



**आगर मालवा ( दुर्गाशंकर टेलर )**। जिले के निवासी ग्रामीण युवक की आंध्र प्रदेश में ट्रेन की चपेट में आने की वजह से घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक आगर तहसील अन्तर्गत आने वाले ग्राम बूढ़ा डूंगर का निवासी है, जिसका नाम गोविंद पिता दुलेसिंह चावड़ा उम्र 18 वर्ष हैं। जो कंबल के व्यापार के सिलसिले में आंध्र प्रदेश गया हुआ था यहां पर यह कैंप लगाकर कंबल का व्यापार कर रहा था और अपनी दिनचर्या चल रहा था।



बता दें कि युवक आगर मालवा से रोजगार के लिए आंध्र प्रदेश गया हुए था। जहां पर वह कंबल का व्यापार कर रहा था, जहां पर वह आंध्र प्रदेश के एलूरू में निवास कर रहा था। जहां से वह सुबह-सुबह सोच के लिए निकला था इस दौरान वह पटरी पर ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



### भाजपा प्रत्यासी की प्रचंड जीत की मन्नत मांगने वाले करकर्ता

# बाबा बैजनाथ महादेव से खाटूश्याम के लिए हुए पैदल रवाना

**आगर मालवा ( दुर्गाशंकर टेलर )**। आगर मालवा विधानसभा मधु गहलोत की प्रचंड जीत के लिए मन्नत मांगी थी जो कि पूरी हुई इसलिए आगर मालवा बाबा बैजनाथ धाम से खाटू श्याम जी तक पैदल यात्रा तय की है कमल सिंह गंगापुर मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा चेन सिंह तंवर एलकार सिंह जी मंडल महामंत्री कालू सिंह मंडल उपाध्यक्ष आदेश व्यास पंचायत प्रभारी रविंद्र सिंह दिलीप सिंह राहुल सिंग दिलीप सिंह गोविंद सिंह ईश्वर सिंह कालू सिंह आदि ये लोग गए है।

### आगर-मालवा के 5 बच्चे इंदौर स्पोर्ट अकादमी की ओर से

# नेपाल फोखरा में होने जा रहा खेल प्रतियोगिता में हुआ चयन



**आगर मालवा।** गुरुवार को पांच चयनित छात्र का हुआ चयन आपको बता दे इंदौर स्पोर्ट्स अकादमी की ओर से नेपाल पोखरा में होने वाले विभिन्न प्रकार की खेल गतिविधि में हिस्सा लेने के लिए आगर के पांच बच्चों का चयन हुआ है जिसमे हर्ष राज सिंह चौहान शैलेंद्र सिंह पवार दक्ष प्रजापति रचित प्रजापति लक्षद्वीप सिंह परिहार नेपाल में होने वाले गेम में हिस्सा लेंगे।

### उपराष्ट्रपति की मिमिक्री पर भाजपा का विरोध

# आगर-मालवा के छावनी नाका चौराहा पर टीएमसी सांसद का पुतला जलाया

**आगर मालवा।** आगर मालवा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विपक्ष के सांसदों के उप राष्टपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री कर मजाक उड़ाने का विरोध जताया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय के छावनी नाका चौराहा पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी का पुतला दहन गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्ती लिए विरोध कर जमकर नारेबाजी की। इस दौरान पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष करण सिंह यादव, जिला महामंत्री ओम मालवीय, मंडल अध्यक्ष मनीष सोलंकी, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय जैन, युवा मोर्चा जिला महामंत्री आयुष तिवारी, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष दिनेश परमार, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष हरि नारायण यादव, भाजपा मंडल कार्यकारिणी, युवा मोर्चा कार्यकर्ता और पार्षद उपस्थित रहे



# मप्र संकल्प पत्र-2023 की गारंटी से होगी खेती समृद्ध-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## 32 हजार करोड़ रूपये की सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने बनेगी मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क फोर्स, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सात दिन में कार्य शुरू करने के दिये निर्देश

**भोपाल।** खेती की समृद्धि के लिये 32,000 करोड़ रूपये की सिंचाई परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिये मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क फोर्स बनाई जायेगी। मप्र संकल्प पत्र-2023 में सिंचाई सुविधाओं विस्तार करते हुए खेती को आधुनिक और समृद्ध बनाने की गारंटी दोहराई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संकल्प-पत्र प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी है। इसके क्रियान्वयन के लिये उन्होंने सभी विभागों को सात दिन में रोड-मेप बनाकर कार्य शुरू करने के निर्देश दिये है। ग्वालियर एवं चंबल में माधवराव सिंधिया सिंचाई परियोजना, नरसिंहपुर, रायसेन और होशंगाबाद में चिंकी-बोरास बैराज परियोजना, नरसिंहपुर-छिंदवाड़ा में शक्कर-पेंच लिंक संयुक्त परियोजना, छिंदवाड़ा में पेंच डायवर्सन परियोजना, खंडवा में खंडवा उद्दहन माइक्रो सिंचाई परियोजना पन्ना में रूंझ मध्यम सिंचाई परियोजना और मझगांव मध्यम सिंचाई परियोजना पन्ना, रीवा, सतना, कटनी एवं जबलपुर में बरगी परियोजना, कटनी में बहोरीबंद माइक्रो सिंचाई परियोजना, हरदा में शहीद इलाप सिंह उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, श्योपुर में चेंटीखेड़ा मुख्य सिंचाई परियोजना, सतना एवं रीवा में बहुती नहर परियोजना पूरी होने से प्रदेश का कृषि परिदृश्य पूरी तरह बदल जायेगा।

**उज्जैन में बनेगा चना अनुसंधान संस्थान**-उज्जैन में चना अनुसंधान संस्थान और डिंडौरी में श्री अन्न अनुसंधान संस्थान स्थापित किया जायेगा। सोयाबीन फसल को सहकारी तेल मिल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा। श्री अन्न की खेती को प्रोत्साहित करने के लिये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से श्री अन्न उत्पादकों को 1,000 रूपये प्रति एकड़ प्रति फसल सम्मान राशि दी जायेगी। श्री अन्न की फसल बोने पर लघु एवं सीमांत किसानों के लिए प्रधान मंत्री %फसल बीमा योजना में देय प्रीमियम में सब्सिडी दी जायेगी।

**शुरू होगा मिशन दाल**-अगले 5 वर्षों में दाल उत्पादन बढ़ाने के लिये मध्य प्रदेश में मिशन दाल शुरू किया जायेगा। सरकार द्वारा एमएसपी पर अरहर, मूंग, उड़द एवं मसूर जैसी सभी दालों की खरीद की व्यवस्था को और ज्यादा मजबूत बनाया जायेगा। दाल-विशिष्ट एफपीओ स्थापित करेंगे। इससे दाल की प्रोसेसिंग एवं वैल्यू चेन को बढ़ावा मिलेगा। बागवानी का क्षेत्रफल 20 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 30 लाख हेक्टेयर बढ़ावा दिया जायेगा। मध्यप्रदेश फ्लोरीकल्चर मिशन बनाकर मध्यप्रदेश को फलोरीकल्चर में नम्बर वन बनाया जायेगा। पीएम किसान सम्मान निंधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से 80 लाख से अधिक किसानों को हर साल रूपये 12,000 की वित्तीय सहायता मिल रही है। पिछले साढें तीन वर्षों में किसानों के



खातों में विभिन्न योजनाओं में 3 लाख करोड़ से अधिक के लाभ दिए गए है।

पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को पिछले 3 वर्षों में 20,000 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है। इसके आलावा 44,600 करोड़ से ज्यादा लागत की केन-बेतवा सिंचाई परियोजना को स्वीकृति मिल गई है।

पांच हॉर्स पावर तक के पंप उपयोग करने वाले 32 लाख किसानों को बिजली बिल पर 93त्न सब्सिडी मिल रही है। %एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड योजना के अंतर्गत 5,000 करोड़ रूपये से अधिक के प्रोजेक्ट स्वीकृत कर मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। पशुपालकों को पशु उपचार की घर पहुंच सुविधा उपलब्ध कराते हुए 400 से अधिक मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां संचालित है।

### पीएम किसान समृद्धि केंद्र

किसानों को ब्याज रहित लगभग 4 लाख करोड़ का फसली ऋण दिया गया है। यह आगे भी किसानों को मिलता रहेगा। बीज, फर्टिलाइज़र, मशीनरी आदि को सस्ते दाम में उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केंद्र स्थापित किया जायेगा। इसके अलावा 5,000 नए कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित करके किसानों को सस्ते दाम में कृषि उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे।

### 65 लाख हेक्टेयर में होगा सिंचाई क्षमता का विस्तार

कृषि के लिए निरंतर बिजली आपूर्ति की जायेगी। वर्ष 2003 में सिंचाई क्षमता 7.6 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 2023 तक 47 लाख हेक्टेयर हो गई है। इसे बढ़ाकर 65 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाया जायेगा। हम 4 लाख हेक्टेयर तक की उपजाऊ भूमि में सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं को जल्दी पूरा किया जायेगा। प्रदेश के डार्क जोन क्षेत्रों में बोरवेल, पुनरुद्धार के लिए एक्सपर्ट कमेटी बनाई जायेगी और इस क्षेत्र में 500 करोड़ रूपये का निवेश होगा। मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना के कनेक्शन दिये जायेंगे।

सरसों उत्पादन प्रोत्साहित करते हुए देश के अग्रणी सरसों उत्पादक प्रदेशों में मध्यप्रदेश को शामिल किया जायेगा। इसके लिये सरसों उत्पादक जिलों के प्रत्येक ब्लॉक में सरसों खरीद केंद्र स्थापित किये जायेंगे। सरसों-के लिये किसान उत्पादक संगठन स्थापित किया जायेगा और उन्हें सहकारी तेल मिल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

### प्रत्येक जिले में बनेगा गौवंश विहार

आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना के अंतर्गत शिक्षित युवाओं को पशुपालन के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए 10 लाख रूपये तक का लोन दिया जायेगा। पशुओं की बीमारी के इलाज एवं पशुओं की मृत्यु होने पर किसानों को वित्तीय सहायता दी जायेगी। पशुधन बीमा योजना के अंतर्गत सभी दुधारू एवं अन्य पशुओं के लिए मुफ्त बीमा एवं उनके रोगों के लिए मुफ्त टीकाकरण की व्यवस्था की जायेगी। किसानों की सुविधा के लिए पशु चिकित्सालय स्थापित किये जायेंगे । बीमार एवं सड़क हादसों में घायल पशुओं के उपचार के लिये पशु एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाई जायेगी। अगले 5 वर्षों में प्रत्येक जिले में एक गौवंश विहार स्थापित किया जायेगा। पशु एवं पोल्ट्री चारा निर्माण यूनिट स्थापित की जायेगी जिससे किसानों को उचित मूल्य पर चारा मिल सके। इसके लिये मध्यप्रदेश पोल्ट्री विकास मिशन शुरू किया जायेगा। भोपाल में एक्वा पार्क का निर्माण किया जायेगा। बालाघाट, मंडला, शहडोल, छतरपुर एवं इंदौर में मछली बीज हैचरी यूनिट्स की संख्या बढ़ाई जायेगी। रेशम उत्पादन एवं मधुमक्खी को बढवा देने के लिये मदद दी जायेगी। किसानों को मधुमक्खी पालन एवं शहद मधुमक्खियों के डिब्बे एवं टूलकिट दिये जायेंगे।

# गौवंश वन्य विहार को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा-उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार में गौपूजन और गौमाता का आशीर्वाद लेकर दिन की शुरुआत की। उन्होंने बसामन मामा का पूजन-अर्चन किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने वन्य विहार के संपूर्ण परिसर में सघन वृक्षारोपण के निर्देश दिये। उप मुख्यमंत्री ने सभी पेड़ों को जीवित और सुरक्षित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गौवंश वन्य विहार को आत्मनिर्भर बनाने के सभी कार्य प्राथमिकता से कराये जायेंगे। उप मुख्यमंत्री ने निर्माण



विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ऑफिस निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करायें और टमस नदी से गौ वन्य विहार तक पानी की व्यवस्था का कार्य करें। गौवंश से निर्मित होने वाली बर्मी खाद, सफाई के उपयोग में गौमूत्र से बनने वाले गोनाइल तथा अन्य उत्पादित सामग्री के शासकीय कार्यालयों व संस्थानों में विक्रय का प्रबंधन और विभागों से एमओयू करायें ताकि यहां के उत्पाद की माँग और बिक्री बढ़ें। गौवंश वन्य विहार की आमदनी के स्त्रोत बढ़ें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समीप स्थित पूर्वा फ़ॉल में सैलानियों की भीड़ रहती है। अब वह गौवंश वन्य विहार भी आयें ऐसी व्यवस्थायें करें। श्री शुक्ल ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक बड़ा गौवंश वन्य विहार के लिये पर्याप्त जमीन चिन्हित करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के बेसहारा गौवंश के संरक्षण प्रयासों में तेजी आये। बैठक में कलेक्टर सहित विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव से विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्य श्री पाठक ने की भेंट

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मुख्यमंत्री पद के दायित्व की बधाई और शुभकामनाएं दीं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से स्टेट हैंगर पर विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्य श्री संजय सत्येंद्र पाठक ने भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्री पाठक ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्यमंत्री पद के दायित्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भी श्री पाठक भी विधानसभा में सदस्य निर्वाचित होने पर बधाई दी।

# टीकमगढ़ में अतिरिक्त 160 एमव्हीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर

**भोपाल।** एम.पी. पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने 220 के.व्ही. सब-स्टेशन टीकमगढ़ में अनुमानित लागत 5 करोड़ 77 लाख रूपये से 160 एमव्हीए क्षमता का एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया। एम.पी. ट्रांसको टीकमगढ़ के कार्यपालन अभियंता श्री आर.पी. कान्यकुब्ज ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से जतारा, दिगोदा, बुढैरा, टीकमगढ़, बड़ा मलहरा एवं पृथ्वीपुर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचेगा। अब उन्हें उचित गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति हो सकेगी।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिले दिल्ली संत महामंडल के पदाधिकारी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से आज उनके दिल्ली प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश भवन में दिल्ली संत महामंडल के पदाधिकारियों ने भेंट कर मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी। दिल्ली संत महामंडल के महामंत्री महामंडलेश्वर महंत नवल किशोर दास जी, संगठन महामंत्री स्वामी कंचन गिरी जी, कोषाध्यक्ष श्रीमंत धीरेंद्र पुरी जी और कोतवाल महंत मंगलदास जी ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को श्रीरामजी की प्रतिमा और शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने संतों की बधाई स्वीकार करते हुए सभी संतों को मध्यप्रदेश आने का न्योता दिया।



॥ श्री टेकचंदाय नमः ॥ ॥ श्री गणेशाय नमः ॥ ॥ जय श्री महाकाल ॥



42वाँ वर्ष

श्री दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज नवयुवक मण्डल, उज्जैन द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर



# विशाल निःशुल्क सामूहिक विवाह

## का भव्य आयोजन

## दिनांक 14 फरवरी 2024, बुधवार (बसंत पंचमी)

सम्मानीय स्वजातीय बंधुओं,

बड़े हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि श्री दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज नवयुवक मण्डल उज्जैन द्वारा बसंत पंचमी को सामूहिक विवाह हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रखा गया है। अतः स्वजातीय समाज बंधुओं से अनुरोध है कि अपने विवाह योग्य पुत्र/पुत्रियों का विवाह सम्मेलन में करें एवं खर्चीली शादी से बचे। समाजजन से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा जोड़ों का पंजीयन कराकर कार्यक्रम में पधारकर आयोजन को सफल बनावें।

शासकीय नियमानुसार विवाह योग्य बालक की उम्र 21 वर्ष, बालिका की उम्र 18 वर्ष होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ उम्र संबंधी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, मार्कशीट, दो फोटो पासपोर्ट साईज, समग्र आईडी संलग्न करना अति आवश्यक है।


श्री रूपेश जी परमार
अध्यक्ष
मो. 9424511774


शिवराज परमार
सामूहिक विवाह प्रभारी
मो. 9753350002


श्याम राठौर मकोड़ी
सामूहिक विवाह सह प्रभारी
मो. 9926429612


सचिव
संतोष गोयल


कोषाध्यक्ष
जयेश परमार

प्रधान कार्यालय : निःशुल्क विवाह बुकिंग हेतु 48, ब्राह्मण गली, राधा-कृष्ण मंदिर, दर्जी धर्मशाला, उज्जैन मो. 9753350002, 9039828281

मार्ग दर्शक


चतुर्भुज जी परमार


नंदराम जी गोयल


रमेशचंद्र जी सोलंकी


लक्ष्मीनाराय जी सोलंकी


चुन्नीलाल जी परमार


मनोहरलाल जी परमार


जगदीश जी पटेल


राधेश्याम जी वाघेला


ओमप्रकाश जी परमार


महादेवलाल परमार


संरक्षक
अशोक चावड़ा, कनासिया


संरक्षक
अशोक मकोड़िया, तराना


संरक्षक
रामचन्द्र पटे, बलेड़ी


संरक्षक
ओमप्रकाश सेठी, इंगोरिया


संरक्षक
ओमप्रकाश परमार, नागदा


संरक्षक
भरत पटेल, चंदेसरा


संरक्षक
विनोद सिसौदिया, माकड़ोन


संरक्षक
राधेश्याम सेठी, इंगोरिया


संरक्षक
शांतिलाल परमार, कंजड़


संरक्षक
कैलाश सोलंकी, झुटावद


संरक्षक
कन्हैयालाल देवड़ा, ताल


संरक्षक
राजमल परमार, पानबिहार


संरक्षक
ईश्वर परमार, खजुरी देवड़ा


संरक्षक
विजय पटेल, दर्जी कराड़िया


संरक्षक
रमेशचन्द्र सोनगरा, उन्हेल


संरक्षक
अशोक सोलंकी, आगर

### पंजीयन के लिए सम्पर्क सूत्र

आर.के. टेलर नागझिरी मो. 9977583933
कपील परमार उज्जैन मो. 9244099004
राधेश्याम सेठी मो. 7974725558
कमलेश परमार मो. 9425162277
ओमप्रकाश सेठी मो. 9993904604
घनश्याम सोनगरा उन्हेल मो. 9827035400
महेश पंवार, उन्हेल मो. 9755121744
ओमप्रकाश परमार नागदा मो. 9340019993
गोपालकृष्ण मेहता, नागदा मो. 9111914300
अशोक सोलंकी आगर मो. 9479460400
कैलाश गेहलोत आगर मो. 8319008811
नागेश्वर गेहलोत आगर मो. 9827810720
महेश सोनगरा आगर मो. 9165595015

दुर्गाप्रसाद सोलंकी कानड़ मो. 9009272363
राधेश्याम परिहार कानड़ मो. 9752692632
ओम उमठ शाजापुर मो. 9826043862
सुनील सोलंकी शाजापुर मो. 9926074939
हुकमचन्द्र डाबी शाजापुर मो. 9826835857
महादेव चौहान शाजापुर मो. 9893434907
प्रशांत चौहान शाजापुर मो. 9300777020
गोपाल राठौर मोहन बड़ोदिया मो. 9893279245
मुकेश सोलंकी सारंगपुर मो. 9826960787
दीपक सोलंकी मो. 7909879044
ललित गोयल शुजालपुर मो. 9754321742
सूरज टेलर टोंक मो. 9993494943
कमल कृष्ण चौहान मो. 9977076296


किशोरीलाल सोलंकी देवास मो. 9981340272
दीपचन्द्र मेहता देवास मो. 9893299349
कृष्णवल्लभ डाबी इन्दौर मो. 9926677533
गिरधारीलाल परमार इन्दौर मो. 9926500168
अशोक गेहलोत इन्दौर मो. 9827503391
अशोक नायक इन्दौर मो. 9200250000
सतीश हेमावत जावरा मो. 9827223199
ईश्वर परमार, आलोट मो. 8120400811
राजेन्द्र चौहान रतलाम मो. 9827516745
दशरथ सोलंकी मंदसौर मो. 6264203182
श्याम सुन्दर मेहरू मंदसौर मो. 6261809803
पारस काचरिया मंदसौर मो. 9753374703
दिनेश परमार मंदसौर मो. 9977932674

**शादी वालों जोड़ों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा।**

# प्रिंस जैन का रिसर्च वर्क ' द साइंटिस्ट ' वर्ल्ड की टॉप साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ

**देवास ( भविष्य दर्पण नेटवर्क ) ।** अमलतास मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस छात्र प्रिंस जैन पिता अनिल जैन का आईसीएमआर द्वारा चयनित रिसर्चवर्क दुनिया की शीर्ष साइंस जर्नल में प्रकाशित हुआ है। आईसीएमआर द्वारा प्रिंस जैन के रिसर्च वर्क को पूरे भारत के टॉप 30 रिसर्च में स्थान प्राप्त हुआ था। प्रिंस जैन ने अमलतास में सरकार द्वारा बनाये गई वेक्सिन कितनी कारगर है ,वैक्सीन का दूसरा डोस लगने के बाद कितने समय तक एंटीबॉडीज़ शरीर में रहेगी और कितने समय के बाद जनता को बूस्टर डोस की ज़रूरत है , इस विषय पर रिसर्च कर कोरोनाकाल में संपूर्ण मेडिकल जगत में अपनी संस्था, मातापिता व गुरुजनों को गौरवान्वित किया। प्रिंस जैन अमलतास मेडिकल कॉलेज ,देवास में फाइनल ईयर के छात्र है व इंदौर के निवासी है

वह अपनी डॉक्टर बननें तथा इस संपूर्ण सफ़लता का श्रेय अपने मातापिता को देते है , उनका मानना है कि आज वह बिना कोई स्कॉलरशिप प्राप्त किए ,प्राइवेट मेडिकल कॉलेज की संपूर्ण फ़ीस दे कर इस काबिल बने है तो सिर्फ़



अपने माता पिता के वजह से बन पाये हैं । उनका उद्देश्य भविष्य में राज्य की मेडिकल एजुकेशन व स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने का है ।

हालही में ,उन्हें मध्यप्रदेश के इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के ÷स्टेट जनरल सेक्रेटरी÷ पद पर नियुक्त किया गया है ,वह इतने बड़े पद को पाने पर बाबा महाकाल का आभार मानते है। मेडीविज़न (एबीवीपी) के वह मालवा प्रांत के सहप्रमुख पद पर निर्वाचित है ,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में 2019 से कार्यरत है । आज उनके रिसर्च वर्क की सराहना वर्ल्ड की शीर्ष साइंस मैगज़ीन ÷द साइंटिस्ट÷ ने की है ।वो अपने इस रिसर्च की सफलता का श्रेय रिसर्च की मार्गदर्शक डॉ नीतू शर्मा जी को देना चाहते है।

आज संस्थान के डायरेक्टर श्री सुरेश सिंह भदौरिया , चेयरमैन श्री मयंक सिंह भदौरिया,अमलतास यूनिवर्सिटी के डीन डॉ .शरद चंद्र वानखेड़े , चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिलाष कुमार पीठवा ,एसोसियेट प्रोफेसर डॉ नीतू शर्मा व संस्थान के छात्रो द्वारा उनका सम्मान किया गया व भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी गई।

### कैलाश विजयवर्गीय की अगुवाई में

## नगर भाजपा करेगी मुख्यमंत्री मोहन यादव का जोरदार स्वागत

**इंदौर ( भविष्य दर्पण न्यूज नेटवर्क )।** 26 दिसंबर को मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार इंदौर नगर पधार रहे मुख्यमंत्री डॉ मोहन



यादव का स्वागत ऐतिहासिक रूप से करने के लिए नगर भाजपा ने जोरदार तैयारी शुरू कर दी है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और इंदौर 1 से विधायक कैलाश विजयवर्गीय ने गुरुवार को भाजपा नेताओं की बैठक इंदौर में बुलाई है जिसमें यादव के स्वागत के लिए बनने वाले मंचों की जानकारी और उनकी रैली को किस मार्ग से लेकर जाया जाएगा इस पर चर्चा होगी। बैठक में इंदौर के सभी विधायक साहित सांसद, महापौर एवं वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी रहेगी। गौरतलब है कि 26 दिसंबर को ही हुकुमचंद मिल के मजदूरों को राशि का वितरण भी सीएम अपने हाथों से करेंगे। इसे लेकर नगर निगम महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी कार्यक्रम की रूपरेखा बना रखी है जिस पर भी आज इस बैठक में चर्चा होगी। सीएम यादव के प्रथम इंदौर नगर आगमन पर रैली निकालकर उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा।

# संजय शुक्ला ने कहा-मैं चुनाव हारा नहीं हूं, हराया गया हूं

### 5 साल विपक्ष में रहकर जनता के लिए संघर्ष करेंगे

**इंदौर ( भविष्य दर्पण न्यूज नेटवर्क ) ।** कांग्रेस के पूर्व विधायक संजय शुक्ला ने कहा कि विधानसभा चुनाव में मैं हारा नहीं हूं बल्कि हराया गया हूं । अब 5 साल तक हम विपक्ष में रहकर जनता के लिए संघर्ष करेंगे ।

शुक्ला कल शाम को यहां खड़ा गणपति मंदिर के पीछे स्थित लेशा मैरिज गार्डन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे । इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए 2000 से ज्यादा कांग्रेस के कार्यकर्ता पहुंचे थे । इन कार्यकर्ताओं के बीच हुंकार भरते हुए शुक्ला ने कहा कि हर व्यक्ति कह रहा है कि उसने कांग्रेस को वोट दिया है । क्षेत्र की जनता इस चुनाव में पूरी तरह से अपने बेटे के साथ थी । इस जनता ने नेता को नकार दिया था । जनता ने तो मेरे प्रति विश्वास व्यक्त किया है । मैं इस चुनाव में हारा नहीं हूं बल्कि मतगणना के दौरान ईवीएम मशीन की मदद से हराया गया हूं । उन्होंने कहा कि चिंता करने की कोई बात नहीं है । जिस तरह से पिछले 5 साल में जनता के लिए उपलब्ध था । जनता के बीच सक्रिय था और जनता के काम कर रहा था । उसी तरह से अगले 5 साल भी विपक्ष में रहकर जनता के लिए संघर्ष करेंगे । मेरे घर के दरवाजे आधी रात को भी पूरे क्षेत्र की जनता के लिए खुले हुए रहेंगे । आप कभी भी मुझे फोन लगाइए । आपकी कोई भी समस्या हो, आपका यह बेटा – आपका यह भाई हमेशा आपके साथ खड़ा हुआ रहेगा । उन्होंने कहा कि जनता के सुख और दुख में सहभागी बनने में पिछले 5 साल में मैंने कभी कहीं कोई कमी नहीं रखी । आने वाले 5 साल में भी जनता को शिकायत का कोई मौका नहीं मिलेगा । राजनीति मेरे लिए सेवा का माध्यम है और सेवा का यह सिलसिला अनवरत जारी रहेगा ।

इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रमुख रूप से पूर्व विधायक विशाल पटेल, दीपू यादव, के के यादव, प्रवेश यादव, अनवर दस्तक, रफीक खान, प्रमोद द्विवेदी, ठाकुर जितेंद्र सिंह, देवेंद्र यादव, पवन जैन, राधेश्याम आर्य, मनजीत टुटेजा, सुनील गोधा उपस्थित थे ।

# 50 हजार रुपए में बेचीं नाबालिग लड़की को महिला बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस की मदद से छुड़वाया

**• ईंट के भट्टे पर मजदूरी करवा रहे थे • मारपीट करते और समय पर भोजन नहीं देते थे • पीड़ित लड़की द्वारा सोशल मीडिया पर विडियो बना कर वायरल किया • पुलिस द्वारा नाबालिग लड़की को खरीद कर लाने वाले पति पत्नी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही**






**( सोनकच्छ से तरुण शर्मा की रिपोर्ट)**

**देवास।** देवास जिले के सोनकच्छ में एक नाबालिग लड़की को उसके पिता से 50 हजार रुपए में खरीद कर लाने और उसके साथ मारपीट करने, मजदूरी करवाने का मामला सामने आया है। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रवीण जैन ने बताया कि हमारे उच्च अधिकारियों को एक नाबालिग लड़की 13 वर्ष ने सोशल मीडिया पर विडियो बना कर डाला था जिसमें लड़की ने बताया कि उसको उसके पिता ने गांव के ही एक व्यक्ति को 50 हजार रुपए में बेच दिया और जिन्हें बेचा है वह परिवार मेरे साथ मारपीट करते हैं, मुझसे मजदूरी करवा रहे और मुझे खानें को भी नहीं देते हैं। इसी आधार पर आज गुरूवार को पीलिया खाद ईंट भट्टे से नाबालिग लड़की 13 वर्ष को सोहनलाल उसकी पत्नी और उसके नाबालिग बेटे से लड़की को छुड़वाया और कार्यवाही हेतु सोनकच्छ पुलिस को आवेदन पत्र दिया।

### टीएमसी सांसद कल्याण मुखर्जी द्वारा उप-राष्ट्रपति की अवहेलना करना ओछी मानसिकता,

# राहुल गांधी ने वीडियो बनाकर कांग्रेस के पिछड़ा वर्ग विरोधी चेहरे के चरित्र को किया उजागर

## भाजयुमो ने राहुल गांधी और बनर्जी का फूंका पुतला



**उज्जैन ( भविष्य दर्पण न्यूज़ नेटवर्क )।** कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन के लोगों ने जिस तरह से संसद में हंगामा किया और उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मखौल उड़ाया गया, यह सिर्फ राज्यसभा के सभापति का अपमान नहीं है, बल्कि यह देश की 140 करोड़ जनता का अपमान है। यह विदेशों में बसे लाखों भारतीयों का भी अपमान है और इस घटना से पूरा देश आंदोलित है। अपने इस शर्मनाक कृत्य के लिए राहुल गांधी और सोनिया गांधी को देश की जनता से सार्वजनिक रूप से मांफी मांगनी चाहिए।

यह बात विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने भाजयुमो द्वारा मोर्चा नगर अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह कुशवाह के नेतृत्व में कांग्रेस के नेता सासंद राहुल गांधी और टीएमसी के सांसद कल्याण बनर्जी का टॉवर चौक पर पुतला दहन करने के पश्चात कही ।

विधायक अनिल जैन ने कहा कि उपराष्ट्रपति जी के अपमान की इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में भले ही घमंडिया गठबंधन के नेता भी शामिल रहे हों, लेकिन कांग्रेस पार्टी इस पूरे मामले में अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती। उप राष्ट्रपति की मिमिक्री भले ही टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने की हो, लेकिन अपने ठहाकों और तालियों से उत्साहवर्धन करने वाले अन्य दलों के सांसद भी इसमें सहभागी रहे हैं। वहीं कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कल्याण बनर्जी को समझाने की बजाय उनका वीडियो बनाकर उनका उत्साह बढ़ाने का काम किया है। इसलिए इस घटना के लिए जितने दोषी कल्याण बनर्जी और इंडी गठबंधन के सदस्य हैं, उतने ही दोषी कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी भी हैं। इसलिए राहुल गांधी और सोनिया गांधी को अपनी इस करतूत के लिए देश की जनता से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

इस अवसर पर युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह कुशवाह ने कहा कि जिस तरह से राहुल गांधी और उनके साथियों ने उप राष्ट्पति जगदीप धनखड़ का अपमान किया है, वह सिर्फ उनका अपमान नहीं,बल्कि देश के संवैधानिक पद का अपमान है, जाट समुदाय का अपमान है और समूचे पिछड़ा वर्ग का अपमान है। राहुल गांधी और कल्याण बनर्जी जैसे नेताओं को उनकी इस करतूत के लिए देश की 140 करोड़ जनता कभी माफ नहीं करेगी। इस अवसर पर प्राधिकरण अध्यक्ष श्याम बंसल, प्रदेश मंत्री अमय आप्टे, जयंत राव गरुड़, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह कुशवाह, सुशील वाडिया, श्रीपाल राजावत, शुभम यादव, राहुल पांचाल, धीरेन्द्र परिहार, दीपक माली, नितिन सेन, लक्की दरबार, पवन विश्वकर्मा सहित मोर्चा पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ता उपस्थित थे । जानकारी मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा ने दी ।




# महाकाल में 12 दिन के लिए भस्मारती की परमिशन फूल

### नव वर्ष पर भक्तों को नए रेम्प से चलित भस्मारती में मिलेगा प्रवेश

**उज्जैन।** नव वर्ष पर भस्म आरती करने की मंशा रखने वाले उन भक्तों को मायूसी हाथ लगेगी जो नव वर्ष या उसके आसपास के दिनों में भस्म आरती में लाइन परमिशन के माध्यम से शामिल होना चाहते है। दरअसल मंदिर समिति की वेबसाइट पर 25 दिसम्बर से 5 जनवरी तक आॅनलाइन परमिशन फूल हो चुकी है। हालांकि भक्तों की सुविधा के लिए समिति ने चलित भस्म आरती की व्यवस्था की है। क्रिसमस से लेकर नव वर्ष तक बड़ी संख्या में भक्त महाकाल मंदिर पहुंचते है। इस बार उम्मीद से ज्यादा भक्तों के पहुंचने की उम्मीद है। इस दौरान महाकाल मंदिर आने वाले भक्त भस्म आरती में जरूर शामिल होना चाहते है। लेकिन एक माह पहले ही 25 दिसम्बर से 5 जनवरी तक ऑनलाइन परमिशन बुक हो चुकी है। ऐसे में उन भक्तों को निराशा हाथ लगेगी जो छुट्टियों के दिनों में या फिर नया साल बाबा महाकाल की भस्म आरती में शामिल होकर मनाना चाहते होंगे। मंदिर की वेब साईट पर https://shrimahakaleshwar.com/bhasmarti पर आगामी 12 दिन के लिए परमिशन ब्लॉक दिखा रहा है। महाकाल मंदिर समिति के प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि वेब साईट पर श्रद्धालु एक माह तक की बुकिंग करा सकते है। लेकिन देश भर से आने वाले भक्त लिंक खुलते ही बुक करा लेते है। इसीलिए क्रिसमस की छुट्टी और नव वर्ष पर अधिक संख्या में भक्त भस्म आरती के लिए पहुचेंगे उनके लिए चलित भस्म आरती की व्यवस्था की है।



**नए रेम्प से चलित भस्म आरती में शामिल हो सकेंगे भक्त** -सहायक प्रशासक मूलचंद जूनवाल ने बताया कि ऑनलाइन परमिशन नहीं मिलने से भक्तों को निराश होने की जरूरत नहीं है। उन सभी भक्तो को चलित भस्म आरती में निशुल्क प्रवेश मिलेगा। इसके लिए 25 दिस से 5 जनवरी तक कार्तिक मंडपम को खाली रखकर चलित भस्म आरती की व्यवस्था की जायेगी।


**भविष्य दर्पण न्यूज़ पेपर**

**अखबार की एजेंसी देना है**

जिला उज्जैन और तहसील में देवास, मक्सी, इंदौर ,शुजालपुर, कालापीपल, रिपोर्टर , बनने के लिए अनुभवी व्यक्ति संपर्क करे।

मो. नं. 95891-77176




मालिक, प्रकाशक, मुद्रक शुभम द्वारा विधायक नगर, पंवासा मक्सी रोड, उज्जैन ( म.प्र. ) पिन-456010 से प्रकाशित तथा प्रियंका ऑफसेट 2/10 पिपलनाका चौराहा उज्जैन ( म. प्र. ) 456010 से मुद्रित ।
संपादकः- शुभम मोबाइलः- 95891-77176 ( सभी वाद विवाद ओ का न्याय क्षेत्र उज्जैन रहेगा )।